**-प्रेस नोट-**

**दिनांक:16-08-2024**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मण्डी श्री नेमचन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.8.2024 को थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा 01 वारंटी **रणवीर पुत्र उधल नि0 म्यूनिस्पिल कालोनी चिलकाना रोड थाना मण्डी सहारनपुर** सम्बन्धित वाद सं0 8540/23 मु0अ0सं0 241/98 धारा 468/467/420 भादवि सम्बन्धित न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहारनपुर को उनके मसकन पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

रणवीर पुत्र उधल नि0 म्यूनिस्पिल कालोनी चिलकाना रोड थाना मण्डी स0पुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 नरेन्द्र सोलंकी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. का0 2281 रोहित कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

**दिनांक:16-08-2024**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना तीतरों पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 16.08.2024 को एक वांरटी **अभियुक्त कपिल पुत्र पदम निवासी ग्राम फतेहचन्दपुर थाना तीतरो जिला सहारनपुर** सम्बन्धित वाद सं0 2177/21 व मु0अ0स0 54/2021 धारा 354/354क/452 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट चालानी थाना तीतरो जिला सहारनपुर को उसके मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अभि0 कपिल पुत्र पदम निवासी ग्राम फतेहचन्दपुर थाना तीतरो जिला सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री ज्ञानेद्र सिंह थाना तीतरो जिला सहारनपुर
2. का0 2538 चन्द्रशेखर थाना तीतरो जिला सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 16.08.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा पुलिस द्वारा मो0सा0 चोरी का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मो0 सा0 बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 21.07.2024 को वादी अम्बुज चौधरी पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी ग्राम बुढेडा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की मो0सा0 स्पलेन्डर नं0 यू0पी0 11 एई 7278 चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 - 190/24 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा चोरी की घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे।** आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार राय़ के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए **अभियुक्त सुरेन्द्र उर्फ गुल्लू पुत्र बालूराम निवासी ग्राम सरगथलवाला थाना सरसावा जनपद सहारनपुर** को सुखराम पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मो0सा0 साईकिल स्प्लेन्डर प्लस रंग काला बिना नम्बर प्लेट लगी जिसका चैसिस न0 MBLHA10EZB9G02306 व इजन न0 HA10EFB9G04096 बरामद हुई। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बी.एन.एस की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

सुरेन्द्र उर्फ गुल्लू पुत्र बालूराम निवासी ग्राम सरगथलवाला थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः–**

- 01 मो0सा0 स्पेलण्डर यू0पी011एई7278 (सम्बन्धित मु0अ0सं0-190/24 धारा 303(2)बीएनएस)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री रामबीर सिहँ थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
2. है0का0 892 अजय राठी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।
3. का0 1259 विनित तोमर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

दिनांकः 16.08.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रसैन सैनी के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा 01 वारण्टी **अभियुक्त नरेश पुत्र सत्यपाल नि0 ग्राम आसनवाली थाना को0 देहात जनपद सहारपुर** सम्बंधित वाद स0 3406/34 व मु0अ0स0 12/17 धारा 60 आबकारी अधि0 चालानी थाना कोवाली नगर सहारनपुर को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

नरेश पुत्र सत्यपाल नि0 ग्राम आसनवाली थाना को0 देहात जनपद सहारपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री संजय शर्मा थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।
2. है0का0 394 राजकुमार थाना कोतवाली देहात जनपद सरहारनपुर।

दिनांक: 16.08.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़ पुलिस द्वारा चोरी के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 26.07.24 को वादी श्री मुस्तकीम पुत्र हज्जी मंजूर निवासी ग्राम बान्दूखेडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीरी सूचना बावत अभियुक्तगण द्वारा वादी की मो0सा0 न0 UP11AP- 6274 व मो0सा0 में रखा मोबाइल फोन को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना नकुड पर मु0अ0सं0 241/24 धारा 303(2) बीएनएस बनाम 1.शावेज पुत्र अफजाल, 2.सलमान पुत्र सैय्याद 3.फरमान पुत्र चून्नू निवासीगण ग्राम बन्दूखेडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर पंजीकृत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये जिनके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नकुड़ के कुशल नेतृत्व मे थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.08.24 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त **फरमान पुत्र चून्नू उर्फ गुलबहार निवासी ग्राम बान्दूखेडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर** को इसके मसकन से गिरफ्तार किया गया। **अभियुक्त शावेज व सलमान को पूर्व में गिरफ्तार व माल की बरामदगी कर जेल भेजा जा चुका है**। अभियुक्त फरमान के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं ज्यादा पढ़ा लिखा नही हूँ और नशा करने की आदत है। अपनी नशे की जरूरतो को पूरा करने के लिए कुछ दिन पहले मैने अपने साथी शावेज और सलमान के साथ मिलकर आम के बाग से अपने ही गांव के मुस्तकीम की स्पलैन्डर मोटर साईकिल व मोबाईल चोरी किये थे। फोन को मैने रख लिया था जो मुझसे खो गया है। सलमान ने मोटर साईकिल को रख लिया था जिसे उसने 12000 रूपये में बेच दी थी जो हमने बराबर बराबर हिस्सो में बाँट लिये थे। मेरे हिस्से में 4000 रूपये आये थे। वह रूपये मुझसे खर्च हो गये।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

फरमान पुत्र चून्नू उर्फ गुलबहार निवासी ग्राम बान्दूखेडी थाना नकुड जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
2. श्री उ0नि0 श्री सत्येन्द्र शर्मा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
3. है0का0 261 अजीत सिंह थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर
4. का0 1890 मोन्टी चौधरी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर

दिनांकः 16.08.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 14.08.2024 को वादी द्वारा थाना उपस्थित आकर लिखित तहरीर बाबत उमेश पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी मौहल्ला काहरान थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर, अपने कमरे पर ले जाकर, दुष्कर्म करना तथा वादी के साथ दरवाजा खटखटाने पर वादी के साथ आये व्यक्ति पर दराती से हमला करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-201/24 धारा 64(2)/87/131 बी.एन.एस भादवि पंजीकृत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए, आदेश के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.08.24 को उपरोक्त मुकदमें में वाँछित अभियुक्त **उमेश पुत्र रामप्रसाद उर्फ राम प्रकाश निवासी मौहल्ला काहरान शिव मन्दिर के पास थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर** को नबाबगंज चौक के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

उमेश पुत्र रामप्रसाद उर्फ राम प्रकाश निवासी मौहल्ला काहरान शिव मन्दिर के पास थाना कोतवाली नगर स0पुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. व0उ0नि0 श्री भूपेन्द्र शर्मा थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर
2. का0 2191 उपेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर जिला सहारनपुर

दिनांक- 16.08.2024

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री बीनू सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त **असजद पुत्र आलीम निवासी ग्राम आलमपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर** सम्बन्धित वाद सं0 91/16 धारा 308/504/506 भादवि को दौराने दबिश उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पताः-**

असजद पुत्र आलीम निवासी ग्राम आलमपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर।

**गिफ्तार करने वाली पुलिस पार्टीः-**

1. उ0नि0 संदीप सिंह थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर।
2. का0 2219 रोहित कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक- 16.08.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.08.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना सदर बाजार पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के 01 वांछित अभियुक्त **अमन पुत्र अजय कुमार नि0 73 आर0के0पुरम गलीरारोड थाना सदर बाजार सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अमन थाना सदर बाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 438/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का वांछित अपराधी है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम गैंग बनाकर लूटपाट कर अवैध धन अर्जित कर अपने शोक पुरा करते है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अमन पुत्र अजय कुमार नि0 73 आर0के0पुरम गलीरारोड थाना सदर बाजार सहारनपुर।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 25/19 धारा 13जी0एक्ट थाना सदर बाजार सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 166/23 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर।
3. मु0अ0स0 202/2023 धारा 379/411 भादावि थाना जनकपुरी सहारनपुर।
4. मु0अ0स0 204/2023 धारा 414/420/465 थाना थाना जनकपुरी सहारनपुर।
5. मु0अ0स0 317/2023 धारा 379/411 भादावि थाना सदर बाजार सहारनपुर।
6. मु0अ0स0 258/23 धारा 379.411 भादवि थाना सदर बाजार सहारनपुर
7. मु0अ0स0 438/2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सदर बाजार सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री सुरेश कुमार थाना सदर बाजार सहारनपुर।
2. है0का0 616 अमित कुमार थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर।
3. का0 1552 रोहित थाना सदर बाजार जिला सहारनपुर।

दिनांक: 16.08.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा जान से मारने की नीयत से फायिरंग करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त 01 तमन्चा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 14.08.2024 को वादी श्री शराफत अली पुत्र एवेज अली निवासी हाजी मक्खी के रिठान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.रगु पुत्र नसीम 2.फिरोज उर्फ फोजी पुत्र नामालूम 3. हसीन पुत्र नसीम 4. चुन्टो पुत्र नसीम 5. समीर पुत्र नसीम 6.शानू पुत्र नामालूम 7.नसीम पुत्र नामालूम निवासीगण हाजी मख्खी का रठान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर द्वारा वादी व वादी के लडके शुएब तथा दोस्त आशु के साथ एक राय होकर मारपीट तथा गाली गलोच करना तथा अभि0 रगु द्वारा जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर मोके से भाग जाने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0 233/24 धारा 352/190/191(2)/191(3)/115(2)/109 बीएनएस बनाम रगु आदि के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए, निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 16.08.2024 को ही मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभि0गण **रघु उर्फ रगु उर्फ नदीम पुत्र नसीम व फिरोज उर्फ फोजी पुत्र नसीम निवासीगण हाजी मख्खी का रठान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर** को कच्चे 62 फुटा पर ग्रीन पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त रघु उर्फ रगु उर्फ नदीम उपरोक्त की निशादेही पर घटना के समय प्रयोग किये तमन्चे को स्टार सिटी कालौनी मे स्थित ईंट के भट्टे पर बास की झाडियो मे से बरामद किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तगण ने बताया कि घटना के समय मारपीट करते हुए रघु ने तमन्चे से फायर कर दिया था तथा वहाँ पर भीड को बढता देख रघु तमन्चे को लेकर वहाँ से भाग गया था जिसको स्टार सिटी कालौनी के पास स्थित ईंट के भट्टे मे छिपा दिया था और हम मौके से फरार हो गये।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-**

1. रघु उर्फ रगु उर्फ नदीम पुत्र नसीम निवासी हाजी मख्खी का रठान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. फिरोज उर्फ फोजी पुत्र नसीम निवासी हाजी मख्खी का रठान थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरण:-**

- 01 तमन्चा 315 बोर
- 01 खोखा कारतूस 315 बोर

**अभियुक्त रघु उर्फ रगु उर्फ नदीम आपराधिक इतिहास:-**

1. मु0अ0स0 289/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कुतुबशेर

2. मु0अ0स0 348/19 धारा 380/411 भादवि थाना कुतुबशेर
3. मु0अ0स0 418/19 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कुतुबशेर
4. मु0अ0स0 437/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कुतुबशेर
5. मु0अ0स0 233/24 धारा 352/190/191(2)/191(3)/115(2)/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 सचिन पूनिया थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. उ0नि0 विपिन कुमार सिह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. है0का0 974 अमित भाटी सिह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
5. का0 1215 कपिल गौड सिह थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16.08.2024

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

### थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा दुष्कर्म करने वाले 01 बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में लिया गया

अवगत कराना है कि दिनांक 15.08.24 को वादिया द्वारा थाना उपस्थि आकर एक लिखित तहरीर बाबत वादिया की नाबालिग पुत्री के साथ गाँव के ही रहने वाले एक लड़के के द्वारा दुष्कर्म किए जाने के सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर मु0अ0सं0 159/24 धारा 65(2) बीएनएस तथा 5एम/6 पोक्सो एक्ट थाना गागलहेडी सहारनपुर पंजीकृत कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री सन्दीप कुमार अधाना के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त के वांछित बाल अपचारी को पुलिस हिरासत में लिया गया। विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पुलिस टीम का विवरण:-**

(1) उ0नि0 श्री देवकरण शर्मा थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर
(2) है0का0 83 अशोक थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर
(3) का0 171 जयवीर सिंह थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर

दिनांकः 16.08.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

मेरठ जोन की 27वीं अन्तर जनपदीय पुलिस एथलेटिक्स कलस्टर (एथलेटिक्स व साइकिलिंग) प्रतियोगिता–2024 के आज दिनांक 16.08.2024 को समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री रोहित सिंह सजवाण,(भा०पु०से०) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद सहारनपुर द्वारा टीमों का मान प्रणाम स्वीकार करते हुए पदक विजेताओ को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर श्री सागर जैन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस अधीक्षक यातायात/लाइन्स, श्री प्रताप सिंह मुख्य अग्निशमन अधिकारी, श्री विजय आनन्द, क्षेत्राधिकारी लाइन्स एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स व साइकिलिंग निर्णायक गण द्वारा अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का संचालन उदघोषक श्री सन्दीप शर्मा, सहारनपुर द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के परिणाम निम्नवत् रहेः–

## चल–वैजयन्ती विजेता

1– चल वैजयन्ती एथलेटिक्स – विजेता टीम पुरूष वर्ग – मेरठ।

2– चल वैजयन्ती एथलेटिक्स – विजेता टीम महिला वर्ग – सहारनपुर।

3– चल वैजयन्ती साइकिलिंग – विजेता टीम पुरूष वर्ग – गौतमबुद्धनगर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.08.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वार गोकशी के मुकदमें में वांछित 02 अभियुक्तगण बाद पुलिस मुठभेड़ घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से गोकशी के उपकरण, 02 तमंचे (एक 315 बोर व एक 12 बोर) 01 जिंदा/01 खोखा कारतूस 315 बोर व 04 जिंदा/01 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद।

अवगत कराना है कि दि0 16.08.24 को उ0नि0 श्री विजय सिहं थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभि0गण गौकश 1. इन्तजार उर्फ इन्तसार उर्फ काका पुत्र फरमान निवासी सोहनचिडा थाना नागल जिला सहारनपुर 2. इसरार पुत्र राशिद निवासी चकवाली थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर 3. फहीम पुत्र याकूब निवासी नल्हैडा बुढ्ढाखेडा थाना नागल जिला सहारनपुर 4.आशु पुत्र ताहिर निवासी मल्हीपुर थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर 5. नदीम पुत्र नामालूम निवासी धलापडा थाना सरसावा जिला सहारनपुर हाल निवासी नई बस्ती इस्लामनगर रोड इस्लामनगर बाईपास थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर द्वारा गौवंश काटकर गौकशी करने तथा घटनास्थल से प्राप्त कटे हुए दो गौवंशो का चिकित्साधिकारी श्री आलोक सहरावत को बुलाकर पोस्टमार्टम कराने तथा बाद पोस्टमार्टम कटे हुए गौवंश को गहरा गडढा खुदवाकर दफनाने तथा उपरोक्त पांचो लोगो की स्थानीय लोगो द्वारा भी गौकशी करने की पुष्टि करने के सम्बन्ध मे लाकर दाखिल की। दाखिला तहरीर पर मु0अ0सं0-303/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 बनाम इन्तजार उर्फ इन्तसार उर्फ काका आदि 05 नफर उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिए गये।** आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु टीमे लगायी गयी थी । आज दिनांक 16.08.2024 को प्रभारी निरीक्षक रामपुर मनिहारान को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आपके यहा गौकशी की घटना करने वाले अभियुक्त फिर से गौकशी की घटना करने की फिराक में नयागांव के जंगल में खड़े है। इस सूचना पर पुलिस टीम जब नया गांव से देहरी के बीच डाक बंगले के पास पहुंची तो अभियुक्तगण मौजूद थे, जब पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो को आत्मसमर्पण हेतु कहा गया तो अभियुक्तो ने पुलिस टीम पर जान से मारने नीयत फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाशो के पैर मे गोली लगने से घायल हो गये । घायल बदमाशो को पुलिस टीम द्वारा नयागांव के पास सिचाई विभाग के जंगल से गिरफ्तार कर प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया है। घायल बदमाशो की पहचान अभियुक्तगण **1. इन्तजार उर्फ इन्तसार उर्फ काका पुत्र फरमान निवासी सोहनचिडा थाना नागल जिला सहारनपुर व 2. इसरार पुत्र राशिद निवासी चकवाली थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर** के रूप में हुई। अभियुक्तगण के 03 अन्य साथी घने जंगलो का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से **घटना मे प्रयुक्त 01 देशी तमंचा 315 बोर मय नाल में फंसा 315 बोर 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 देशी तंमचा 12 बोर मय नाल में फंसा 01 खोखा कारतूस व 04 जिन्दा कारतूस 12 बोर व गौकशी के उपकरण ( 02 छोटी कुल्हाडी , 03 छुरे , 03 रस्सी , 04 प्लास्टिक के कट्टे) व 01 मोटरसाईकिल**

**एच0एफ0 डीलक्स** बरामद । गिरफ्तारी व बरामदी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 3(5)/191(2)/191(3)/190/109 B.N.S. व 3/25/27 A ACT वृद्धि की गयी। अभियुक्तगण इन्तजार व इसरार शातिर किस्म के अपराधी है। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोग यहां सुनसान जगह या कही और जहाँ हमे एकान्त जगह मिल जाती है, आवारा गाय व सांड को पकडकर काट लेते है। तथा उनके कुछ मांस को बेच देते है तथा कुछ को खुद खा लेते है। रात भी हम पांचो ने सुरक्षित स्थान को देखते हुए इसी जगह पर एक सांड व एक बछडे की गौकशी कर उसके मांस को हम ले गये थे और अवशेष यही रह गये थे। अवशेषो को आवारा कुत्ते खा जाते है , यह स्थान हमे गोकशी के लिए सुरक्षित स्थान लगा। इसलिए हम पांचो ने रात यहाँ गोकशी की थी। आज पुनः हम लोग गोकशी करने आये थे और पुलिस से बचने के लिए अपने बचाव मे हम पांचो ने पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया था। हम दोनो पकडे गये और फहीम पुत्र याकूब निवासी नल्हेडा बुढ्ढाखेडा थाना नागल जिला सहारनपुर, आशु पुत्र ताहिर निवासी मल्हीपुर थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर व नदीम निवासी धलापडा थाना सरसावा जिला सहारनपुर हाल निवासी नई बस्ती बाईपास रामपुर मनिहारान मौके से भाग गये साहब माफ कर दो गलती हो गई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. इन्तजार उर्फ इन्तसार उर्फ काका पुत्र फरमान निवासी सोहनचिडा थाना नागल जिला सहारनपुर
2. इसरार पुत्र राशिद निवासी चकवाली थाना रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 देशी तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस
- 01 देशी तंमचा 12 बोर मय 01 खोखा कारतूस व 04 जिन्दा कारतूस
- गौकशी के उपकरण (02 छोटी कुल्हाडी, 03 छुरे, 03 रस्सी, 04 प्लास्टिक के कट्टे)
- 01 मोटरसाईकिल एच0एफ0 डीलक्स

**अभियुक्त इन्तजार उपरोक्त का आपरधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 148/23 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना रामपुर मनिहारन सहारनपुर
2. मु0अ0स0 140/19 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना बडगाव जिला सहारनपुर
3. मु0अ0स0 246/20 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द अधि0 थाना बड़गांव जिला सहारनपुर
4. मु0अ0स0 283/18 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना नागल जिला सहारनपुर
5. मु0अ0स0 175/21 धारा 307/504 भादवि थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर
6. मु0अ0स0 176/21 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर
7. मु0अ0स0 230/18 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना नागल सहारनपुर
8. मु0अ0स0 318/23 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द अधि0 थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर
9. मु0अ0स0 303/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 व 190/109/(3)191/(2)191/(5)3B.N.S. व 3/25/27 A ACT चालानी थाना रामपुर मनि0

**अभियुक्त इसरार उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 148/23 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना रामपुर मनिहारन सहारनपुर
2. मु0अ0स0 318/23 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द अधि0 थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर

3. मु0अ0स0 303/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 व 3(5)/191(2)/191(3)/190/109 B.N.S. व 3/25/27 A ACT चालानी थाना रामपुर मनि0

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्र0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा थाना रामपुर मनि0 सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री विजय सिह थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर
3. उ0नि0 श्री जसबीर सिह थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर
4. उ0नि0 श्री मुकेश शर्मा थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर
5. का0 1441 अजीत नैन थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर
6. का0 2380 हरवेन्द्र कुमार थाना रामपुर मनि0 जिला सहारनपुर